उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार।
Email :: sewaone01@gmail.com

संख्याः 88/78/03/डी0आर0(व्यवस्था0)/सेवा–1/2022–2023 दिनांकः– 22 जुलाई, 2024

विज्ञप्ति

व्यवस्थाधिकारी (राज्य सम्पत्ति विभाग) परीक्षा–2023

एतद्द्वारा द्वारा सूचित किया जाता है कि **व्यवस्थाधिकारी (राज्य सम्पत्ति विभाग) परीक्षा–2023** के अंतर्गत राज्य सम्पत्ति विभाग में व्यवस्थाधिकारी के **कुल 07 रिक्त पदों** पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन संख्या**::** A-1/DR(M.O)/S-1/2023, दिनांक 29 अगस्त, 2023 प्रकाशित किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 03 मार्च, 2024 को आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का परीक्षा परिणाम दिनांक 13 मई, 2024 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा परिणाम में औपबन्धिक रूप से सफल घोषित किए गये अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांक 22 मई, 2024 को किया गया। अभिलेख सत्यापन के समय अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों की सन्निरीक्षा के उपरांत विभिन्न कारणों से अनर्ह घोषित एवं अभ्यर्थन निरस्त किये गये अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** पर प्रसारित कर दी गयी है। अभ्यर्थी उक्त सूची का आयोग की वेबसाईट पर अवलोकन अवश्य कर लें।

अनर्ह घोषित घोषित अभ्यर्थी अपना प्रत्यावेदन **दिनांक 06 अगस्त, 2024 (मंगलवार)** तक आयोग कार्यालय में पुष्ट साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।